मो0 नं0 : 9473942736

# अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय

उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण) कानपुर देहात।

पत्रांक 5648 / डब्लू–52 / 77 दिनांक 10-06-26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कानपुर देहात।

**विषयः– ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के दिनांक 08.06.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर "दया गांव में खारे पानी की हो रही आपूर्ति" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक **ई0 पेपर दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान के दिनांक 08.06.2026 के संस्करण में प्रकाशित खबर "दया गांव में खारे पानी की हो रही आपूर्ति"** के सन्दर्भ में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत दया में 03 नग मजरें क्रमशः दया, धुसरामऊ एवं प्रसादीपुरवा सम्मिलित है जोकि विकास खण्ड रसूलाबाद जनपद कानपुर देहात के अन्तर्गत निर्मित दया पेजयल योजना से आच्छादित है के स्त्रोत एवं जल नमूनों को संकलित कर जनपद स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला (NABL) में कराया गया। परीक्षण रिपोर्ट के अनुसार जल की गुणवत्ता निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गयी तथा पेयजल ग्रामीणों के पीने हेतु उपयुक्त पाया गया। साथ ही सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को सम्बन्धित ग्रामीणों को नियमित एवं सुरक्षित पेयजल की आपूर्ति कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

अवगत कराना है कि योजनान्तर्गत पाइप लाइन बिछाने के उपरान्त तोड़ी गयी सड़कों का मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया गया है, कुछ स्थलों पर लीकेज परिलक्षित होने पर इनके मरम्मत के कार्य भी साथ–साथ किये गये है। जिसके दौरान खोदी गयी सड़क को भी ग्रामवासियो के आवागमन हेतु मोटेरेबल बना दिया गया है। सड़कों को शीघ्र ही स्थाई रूप से मरम्मत करने हेतु सम्बन्धित फर्म को निर्देशित किया गया है। सादर सूचनार्थ एवं अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 5648 / डब्लू–52 / 77 दिनांक 10-06-26

**प्रतिलिपिः–**

1. जिला सूचना अधिकारी, कानपुर देहात को सादर अवलोकनार्थ।

अधिशासी अभियन्ता